# MJ-1189

## B.Com. (Part-I)

Term End Examination, March-April, 2022

Paper - I

Financial Accounting

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

[*Minimum Pass Marks* : 25

---

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

---

### इकाई / Unit-I

1. मनोहर के खाते में निम्नलिखित लेन-देनों का रोजनामचा कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| (*a*) लिपिकों को देय वेतन | 12,400 |
| (*b*) अदत्त मजदूरी | 5,600 |

| | ₹ |
|---|---|
| (*c*) भाड़ा अग्रिम दिया | 1,600 |
| (*d*) चन्दन मिस्त्री को मरम्मत व्यय दिया | 1,400 |
| (*e*) कार की मरम्मत, जिसका भुगतान अभी नहीं हुआ है | 2,000 |
| (*f*) पेट्रोल के लिए नकद भुगतान | 2,500 |
| (*g*) बैंक व्यय | 300 |
| (*h*) किराया उपार्जित पर अप्राप्य | 2,300 |
| (*i*) अग्रिम भाड़ा मिला | 2,700 |
| (*j*) सुशील को वेतन दिया | 3,650 |

Journalise the following transactions in the books of Manohar :

| | ₹ |
|---|---|
| (*a*) Salaries due to clerks | 12,400 |
| (*b*) Outstanding wages | 5,600 |

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*c*) | Paid rent in advance | 1,600 |
| (*d*) | Paid for repair to Chandan Mistry | 1,400 |
| (*e*) | Repair of car, payment not yet made | 2,000 |
| (*f*) | Payment of cash for petrol | 2,500 |
| (g) | Bank charges | 300 |
| (*h*) | Rent earned but not received | 2,300 |
| (*i*) | Rent received in advance | 2,700 |
| (*j*) | Paid salary to Sushil | 3,650 |

***अथवा / OR***

लेखांकन अवधारणा से आप क्या समझते हैं? विभिन्न लेखांकन अवधारणा को समझाइए।

What do you mean by Accounting Concept? Explain various accounting concept.

## इकाई / Unit-II

**2.** 'साकेत ट्रेडर्स' की पुस्तकों से 31 मार्च, 2021 को निम्न तलपट तैयार किया गया :

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| क्रय (स्कंध खातों द्वारा समायोजित) | 1,93,500 | विक्रय | 3,00,000 |
| मजदूरी | 23,250 | संदिग्ध ऋण कोष | 2,500 |
| क्रय पर भाड़ा | 18,000 | विनियोगों पर ब्याज | 700 |
| पूर्वदत्त बीमा 1.4.2020 | 625 | नकद बट्टा | 4,500 |
| डूबत ऋण | 600 | पूंजी | 71,175 |
| किराया और बीमा | 7,750 | लेनदार | 18,750 |
| वेतन | 13,500 | अदत्त मजदूरी 1.4.2021 | 900 |
| देनदार | 37,500 | | |
| स्कन्ध (31.3.2021) | 20,500 | | |
| विनियोग | 10,000 | | |
| रोकड़ | 10,500 | | |
| अर्जित ब्याज खाता 31.3.2021 | 300 | | |
| उपस्कर | 10,500 | | |
| कारखाने के यन्त्र | 50,000 | | |
| आयकर | 2,000 | | |
| | 3,98,525 | | 3,98,525 |



*(Continued)*

निम्न बातों के लिए प्रवृष्टियाँ करना शेष है :

(*a*) दिनांक 1 अक्टूबर, 2020 को ₹ 10,000 का यन्त्र उधार खरीदा गया जिसके लिए कोई प्रवृष्टि नहीं की गयी।

(*b*) अदत्त व्यय : किराया ₹ 500, वेतन ₹ 600।

(*c*) पूर्वदत्त व्यय : बीमा ₹ 250, मजदूरी ₹ 400।

(*d*) वर्ष में ₹ 2,750 का माल स्वयं के उपयोग हेतु व्यापार स्वामी द्वारा निकाला गया जिसके लिये कोई प्रवृष्टि नहीं की गयी।

(*e*) यन्त्र एवं उपस्कर पर 10% प्रतिवर्ष की दर से ह्रास अपलिखित करना है।

(*f*) देनदारों में से ₹ 500 अपलिखित करना है एवं शेष पर 4% की दर से संदिग्ध ऋण कोष बनाए रखना है।

उपरोक्त समायोजनों को ध्यान रखते हुए अन्तिम खाते तैयार कीजिए।

From the books of 'Saket Traders' the following Trial Balance has been prepared on 31st March, 2021 :

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| Purchases (Adjusted by Stock A/c) | 1,93,500 | Sales | 3,00,000 |
| Wages | 23,250 | Reserve for doubtful debts | 2,500 |
| Carriage on purchases | 18,000 | Interest on Investments | 700 |
| Prepared Insurance 1.4.2020 | 625 | Cash Discount | 4,500 |
| Bad debts | 600 | Capital | 71,175 |
| Rent and Insurance | 7,750 | Creditors | 18,750 |
| Salary | 13,500 | Outstanding wages 1.4.2021 | 900 |
| Debtors | 37,500 | | |
| Stock 31.3.2021 | 20,500 | | |
| Investment | 10,000 | | |
| Cash | 10,500 | | |
| Accrued Interest A/c 31.3.2021 | 300 | | |
| Furniture | 10,500 | | |
| Plant of factory | 50,000 | | |
| Income Tax | 2,000 | | |
| | 3,98,525 | | 3,98,525 |



*(Continued)*

Entires have yet to be passed for the following :

(*a*) On 1st October, 2020 Plant worth ₹ 10,000 was purchased on credit but not entry has been passed.

(*b*) Outstanding Expenses : Rent ₹ 500, Salary ₹ 600.

(*c*) Prepared Expenses : Insurance ₹ 250, Wages ₹ 400.

(*d*) Goods worth ₹ 2,750 were taken for personal use by the owner but no entry has been made.

(*e*) Write off depreciation on Plant and Furniture @ 10% per annum.

(*f*) Write off ₹ 500 from debtors and maintain the reserve for doubtful debts @ 4% on remaining debtors.

Prepare Final Accounts considering above adjustments.

***अथवा / OR***

अवि गुप्ता की पुस्तकों का मिलान नहीं हो पाया। लेखाकार ने ₹ 2,540 उचन्त खाते में डेबिट पक्ष में डाल दिए। बाद में निम्न त्रुटियां मालूम हुईं। इन

त्रुटियों को रोजनामचे द्वारा सुधारिए और उचन्त खाता बनाइए।

(*a*) राम से ₹ 800 का क्रय, विक्रय पुस्तक में लिख दिया गया जबकि राम का खाता सही क्रेडिट किया गया।

(*b*) मोहन को ₹ 860 की बिक्री उसके खाते में ₹ 680 क्रेडिट कर दी गई।

(*c*) पुराने फर्नीचर की ₹ 1,080 की बिक्री विक्रय खाते में ₹ 900 से क्रेडिट कर दी गई।

(*d*) ₹ 200 का माल मालिक द्वारा अपने निजी प्रयोग के लिए लिया गया जिसका पुस्तकों में कोई लेखा नहीं हुआ।

(*e*) अशोक को ₹ 592 की बिक्री को विक्रय पुस्तक में ₹ 538 लिख दिया गया।

(*f*) बिक्री वापसी पुस्तक का शेष ₹ 420 खातों में सम्मिलित नहीं किया गया।

The Books of Avi Gupta could not be tallied. The accountant transferred the difference of ₹ 2,540 in the Suspense Account on the debit side. The following mistakes were found later on. Rectify these errors by passing Journal Entries and prepare Suspense Account :

(*a*) The purchase of ₹ 800 from Ram was entered into sales book while Ram's Personal account was rightly credited.

(*b*) The sales of ₹ 860 to Mohan was credited in his account as ₹ 680.

(*c*) The sales of old furniture of ₹ 1,080 was credited to sales account as ₹ 900.

(*d*) Goods worth ₹ 200 were taken by the proprietor for his personal use which was not recorded in the books.

(*e*) The sales of ₹ 592 to Ashok was entered in sales book as ₹ 538.

(*f*) Sales returns book balance of ₹ 420 was not included in the account.

## इकाई / Unit-III

**3.** 1 अप्रैल, 2012 को प्लाण्ट और मशीनरी का पुस्तकीय मूल्य ₹ 2,00,000 था। 1 जनवरी, 2013 को ₹ 10,000 की और 1 अक्टूबर, 2013 को ₹ 20,000 की नयी मशीन क्रय की गयी। 1 अप्रैल, 2012 को जिस मशीन का पुस्तकीय मूल्य ₹ 30,000 था उसे 1 जुलाई, 2014 को ₹ 16,000 में बेच

दिया गया और यह राशि प्लाण्ट एवं मशीन खाते में क्रेडिट कर दी गयी। 1 अप्रैल, 2012 को सीधी-रेखा पद्धति से 10% वार्षिक की दर से ह्रास का प्रबन्ध किया गया था। 31 मार्च, 2015 को यह निर्णय लिया गया कि क्रमागत ह्रास पद्धति के अनुसार 20% की दर से 1 अप्रैल, 2012 से ह्रास का प्रबन्ध किया जाय। 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2015 तक का प्लाण्ट और मशीन खाता बनाइए।

The book value of Plant and Machinery on 1st April, 2012 was ₹ 2,00,000. New machinery for ₹ 10,000 was purchased on 1st January, 2013 and for ₹ 20,000 on 1st October, 2013. On 1st July, 2014 a machinery whose book value had been ₹ 30,000 on 1st April, 2012 was sold for ₹ 16,000 and entrie amount was credited to Plant and Machinery Account. Depreciation had been charged @ 10% p. a. on the book value on 1st April, 2012 on Straight Line Method. It was decided on 31st March, 2015 that depreciation @ 20% p. a. on

diminishing balance method should be charged with retrospective effect since 1st April, 2012. Show the Plant and Machinery Account from 1st April, 2012 to 31st March, 2015.

*अथवा* / ***OR***

आप निम्नलिखित मदों को गैर-व्यापारिक संस्थाओं की लेखा पुस्तकों में किस प्रकार दिखाएंगे ?

(*a*) वार्षिक चन्दा

(*b*) प्रवेश शुल्क

(*c*) आजीवन सदस्यता शुल्क

(*d*) स्थायी सम्पत्तियों का विक्रय

(*e*) विशिष्ट चन्दा

How you will represent following items in the books of non-trading institutions ?

(*a*) Annual Subscription

(*b*) Entrance fees

(*c*) Life membership fees

(*d*) Sale of fixed Assets

(*e*) Specific Donation

## इकाई / Unit-IV

4. एक व्यक्ति ने किराया-क्रय पद्धति पर एक मशीन किराया-विक्रेता से क्रय की। उसने ₹ 600 तुरन्त नकद दिए और प्रथम वर्ष के अन्त में ₹ 640, द्वितीय वर्ष के अन्त में ₹ 890 और तृतीय वर्ष के अन्त में ₹ 880 दिए। रोकड़ मूल्य पर 10% प्रति वर्ष ब्याज है। किराया-विक्रेता की पुस्तकों में किराये पर क्रय करने वाले का खाता खोलिए।

A man bought a machine from Hire-Vendor on hire-purchase method. He paid ₹ 600 cash down, ₹ 640 at the end of the first year, ₹ 890 at the end of the second year and ₹ 880 at the end of the third year. The interest on the cash price is 10% per annum. Write up the Hire-Purchaser's Account in the Books of the Hire-vendor.

*अथवा / OR*

A लिमिटेड ने एक प्लाण्ट ₹ 22,730 में किस्त भुगतान पद्धति पर क्रय किया। प्रथम भुगतान सुपुर्दगी लेते समय किया गया और शेष भुगतान अन्य चार बराबर की वार्षिक किस्तों द्वारा किया जाता है। विक्रेता 5% प्रति वर्ष की दर से ब्याज लगाता है। ह्रास 10% प्रति वर्ष की दर से क्रमागत ह्रास पद्धति

पर लगाया जाता है। क्रेता की पुस्तकों में आवश्यक खाते खोलिए। एक रुपये का वर्तमान मूल्य पांच वर्षों के लिए 5% प्रति वर्ष ब्याज की दर से वार्षिकी तालिका के अनुसार ₹ 4.5460 है। सभी किस्तें प्रथम भुगतान सहित बराबर की हैं।

A Ltd. purchased a plant for ₹ 22,730 on the Instalment Payment System. The first payment is to be made at the time of taking delivery of the plant and the entire payment is to be completed by four more equal annual payments. The vendor charges interest @ 5% per annum. Depreciation is charged @ 10% per annum on the Reducing Balance Method. Open the necessary accounts in the books of the purchaser. The present value of rupee one invested at the beginning of each year for five years at 5% per annum according to annuity table is ₹ 4.5460. All the instalments including the first payment are of equal value.

**इकाई / Unit-V**

5. X, Y, Z एक फर्म में साझेदार थे जो 7:2:1 के अनुपात में लाभ आबंटन करते हैं। 31 मार्च, 2019 को फर्म का स्थिति-विवरण निम्नांकित प्रकार था :

| दायित्व | | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 11,210 | अधिकोष | 1,210 |
| पूंजी : | | | विनियोग : | |
| X | 12,410 | | 100 अंश 'A' | |
| Y | 8,650 | | लिमिटेड में लागत पर | 2,400 |
| Z | 80,620 | 1,01,680 | 1000 अंश 'B' | |
| | | | लिमिटेड में लागत पर | 10,000 |
| | | | देनदार | 8,740 |
| | | | स्कन्ध | 11,240 |
| | | | भवन | 20,000 |
| | | | प्लाण्ट | 11,220 |
| | | | ख्याति | 10,000 |
| | | | पेटेण्ट | 38,080 |
| | | 1,12,890 | | 1,12,890 |

सभी भागीदारों ने फर्म का समापन निमांकित शर्तों पर किया :

(*a*) X ₹ 31,500 में भवन लेगा।

(*b*) Y जो व्यापार को चालू रखता है ख्याति, देनदारों एवं स्कन्ध को पुस्त मूल्य पर एवं पेटेण्ट को ₹ 30,000 में तथा प्लाण्ट को ₹ 5,000 में लोगा। साथ ही वह लेनदारों का भुगतान करेगा।

(c) Z, A लिमिटेड के अंश ₹ 15 प्रति अंश की दर पर लेगा।

(d) B लिमिटेड के अंश लाभालाभ के अनुपात में बांटे जायेंगें।

फर्म की पुस्तकों में समापन सम्बन्धी आवश्यक लेखे तैयार कीजिए।

X, Y, Z were in Partnership sharing profit in the ratio 7:2:1. The Balance Sheet of the firm as a 31st March, 2019 was as under :

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Creditors | 11,210 | Bank | 1,210 |
| Capitals : | | Investments : | |
| X 12,410 | | 100 shares of | |
| Y 8,650 | | 'A' Ltd. at cost | 2,400 |
| Z 80,620 | 1,01,680 | 1000 shares of | |
| | | 'B' Ltd. at cost | 10,000 |
| | | Debtors | 8,740 |
| | | Stock | 11,240 |
| | | Buildings | 20,000 |
| | | Plant | 11,220 |
| | | Goodwill | 10,000 |
| | | Patents | 38,080 |
| | 1,12,890 | | 1,12,890 |

*(Turn Over)*

It was agreed to dissolve the partnership and the terms of dissolution were :

(*a*) X to take over the buildings for ₹ 31,500.

(*b*) Y who was to carry on the business to take over the goodwill, stock and debtors at books value, the patents at ₹ 30,000 and Plant at ₹ 5,000. He was also to pay off the creditors.

(*c*) Z to take over the shares of A Ltd. at ₹ 15 each.

(*d*) The shares of B Ltd. will be divided in profit sharing ratio.

Prepare the necessary Accounts regarding the dissolution in the books of the firm.

***अथवा / OR***

फर्म का एकीकरण क्या है ? पुरानी फर्मों की पुस्तकों को बन्द करने के लिए तथा नयी फर्म की लेखों को खोलने के लिए कौन सी प्रविष्टियां की जाती हैं ?

What is amalgamation of firm ? What entries are made to close the books of the old firms and to open the books of new firm ?